-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 13.10.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कालिंजर पुलिस द्वारा घूम-घूमकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1150 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा घूम-घूमकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि कल दिनांक 12.10.2025 को देर रात्रि थाना कालिंजर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के घूम-घूमकर छोटे-छोटे अवैध गांजे की पुड़िया बनाकर बेचने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ।

बरामदगी-

- 1150 ग्राम अवैध सूखा गांजा

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शिवशरन शिवहरे पुत्र गोपाल निवासी बदौसा थाना बदौसा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री शुभम कौशिक चौकी प्रभारी गुढ़ाकला
2. कां0 शिवम
3. कां0 राहुल
4. कां0 कमलेश